तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
28-7-2025	**राजस्व अपील संख्या 21/2025 (2025/277) अनवान तुलछाराम बनाम लालाराम अपील अन्तर्गत धारा 75 भू–राजस्व अधिनियम** पत्रावली पेश हुई। अपीलान्ट की ओर से अधिवक्ता प्रेम कुमार देवड़ा उपस्थित। रेस्पोडेन्ट स्वंय उपस्थित। रेस्पोडेन्ट लालाराम द्वारा अपीलान्ट द्वारा प्रस्तुत अपील का समर्थन करते हुए अपील अपीलान्ट स्वीकार करने में अपना लिखित सहमती देते हुए अपील अपीलान्ट स्वीकार करने में अपनी लिखित सहमती पेश की गई जो शामिल मिसल हो। बहस सूनी गई। अधिवक्ता अपीलान्ट द्वारा अपनी अपील में वर्णित तथ्यों को दोहराते हुए अपील स्वीकार करने का निवेदन किया तथा रेस्पोडेन्ट लालाराम ने भी अपनी लिखित सहमती व्यक्त की। बहस पर मनन किया तथा पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजात का ध्यापूर्वक अवलोक किया चूंकि अपीलान्ट द्वारा ग्राम तनावड़ा तहसील लूणी के खसरा नम्बर 636/44 में से अपने कुल रकबा 12 बिस्वा 8.09 बिस्वांसी का ही बेचान रेस्पोडेन्ट के हक में दिनांक 16.06.2025 को पंजीबद्व बेचाननामें के आधार पर जो नामान्तरकरण संख्या 3381 दिनांक 16.06.2025 को स्वतः स्वीकृत हुआ है वह अपीलान्ट के सम्पूर्ण हिस्से का स्वीकृत हो गया जो कि गलत होना स्पष्ट है। ऐसी स्थिति में अपीलान्ट द्वारा प्रस्तुत अपील स्वीकार किये जाने योग्य प्रतीत होती है। अतः अपीलान्ट द्वार प्रस्तुत अपील स्वीकार की जाकर ग्राम तनावड़ा तहसील लूणी के नामान्तरकरण संख्या 3381 दिनांक 16.06.2025 को निरस्त किया जाता है। तथा तहसीलदार लूणी को निर्देशित किया जाता है कि रेस्पोडेन्ट के पक्ष में निष्पादित बेचाननामा दिनांक 16.06.2025 के आधार पर पुनः नये सिरे से विधिवत नामान्तरकरण की कार्यवाही सम्पन्न करें। आदेश लिखवाया जाकर सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हों। सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी	